लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 39

17 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र में कबाड़

39. श्री रवीन्द्र कुमार रायः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बोकारो, झारखंड के सेल संयंत्र से कबाड़ का हटाना शुरू कर दिया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) इस कार्य हेतु निविदा की अंतिम तिथि कब समाप्त हुई;

(ग) क्या सरकार का इस कम्पनी में कार्यरत श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखकर शीघ्र कबाड़ हटाने का कार्य शुरू करने का विचार है और विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क): बोकारो इस्पात संयत्र (बीएसएल) में स्क्रैप को हटाना एक सतत प्रक्रिया है।

(ख): ब्लास्ट फर्नेस के स्लैग डम्प में दबे हुए स्क्रैप को निकालने के लिए पिछला ठेका दिनांक 07.12.2016 को समाप्त हो गया है।

(ग) और (घ): सेल इस कार्य का ठेका दिनांक 15.04.2017 से पहले ही प्रदान कर चुका है। सफल बोलीदाताओं को ठेके की शर्त एवं निबंधनों के अनुसार कार्य करना होता है।

****